FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 11-06-2026 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा अन्तरजनपदीय शातिर वाहन चोर 01. विकास पुत्र मुरलीधर 02. योगेश पुत्र नरेशचन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी चोरी की 05 मोटरसाइकिल, 02 तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 03 जिंदा कारतूस बरामद।**
- **अभियुक्त विकास पुत्र मुरलीधर पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया...**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 267/2026 एवं 281/2026 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण पुराना बाईपास रोड, राजा का ताल, गेल गैस के पीछे झाड़ियों में चोरी की मोटरसाइकिलें छिपाकर ग्राहकों को बुलाकर बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पुराना बाईपास रोड, राजा का ताल, गेल गैस के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये। उक्त संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को नजदीक आता हुए देख तथा खुद को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 267/2026 एवं 281/2026 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त विकास पुत्र मुरलीधर निवासी हुमायूंपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई। वहीं दूसरे अभियुक्त योगेश पुत्र नरेश चन्द्र निवासी सी.एल. जैन के पीछे, हुमायूंपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को मौके से गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से थाना टूण्डला क्षेत्र से चोरी की गई 02 मोटरसाइकिलें, थाना मटसेना क्षेत्र से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल तथा जनपद आगरा के थाना एत्माद्दौला एवं थाना एत्मादपुर क्षेत्र से चोरी की गई 01-01 मोटरसाइकिल सहित कुल 05 चोरी की मोटरसाइकिलें व 01-01 अवैध तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस एवं 03 खोखा करतूस बरामद किये गये। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. विकास पुत्र मुरलीधर निवासी हुमायूंपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. योगेश पुत्र नरेश चन्द्र निवासी सी.एल. जैन के पीछे, हुमायूंपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद

बरामदगी का विवरण-

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 03 खोखा कारतूस 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. चोरी की कुल 05 मोटरसाइकिल

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास विकास पुत्र मुरलीधर –

1. मु0अ0स0 522/23 धारा 3/25 A.ACT थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 728/24 धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 171/25 धारा 317(2),317(5) बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 173/25 धारा 3/25 A.ACT थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
5. मु0अ0स0 647/25 धारा 137(2),87 बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
6. मु0अ0स0 687/25 धारा 3/25 A.ACT थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
7. मु0अ0स0 267/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना टूंडला फिरोजाबाद।
8. मु0अ0स0 281/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना टूंडला फिरोजाबाद।
9. मु0अ0स0 212/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना एत्मादपुर आगरा ।
10. मु0अ0स0 184/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना एत्मादौला आगरा।
11. मु0अ0स0 157/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना मतसेना फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त योगेश पुत्र नरेश चंद्र -

1. मु0अ0स0 570/22 धारा 379 आईपीसी थाना दक्षिण फिरोजाबाद
2. मु0अ0स0 345/23 धारा 356,411 आईपीसी थाना उत्तर फिरोजाबाद
3. मु0अ0स0 267/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना टूंडला फिरोजाबाद
4. मु0अ0स0 281/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना टूंडला फिरोजाबाद
5. मु0अ0स0 212/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना एत्मादपुर आगरा
6. मु0अ0स0 184/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना एत्मादौला आगरा
7. मु0अ0स0 157/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना मतसेना फिरोजाबाद

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री बैजनाथ सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद ।
2. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र शर्मा चौकी प्रभारी राजा का ताल जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री हर्षित कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 प्रशान्त कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6 .उ0नि0 अभय कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 681 हरवेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 187 मोहन सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1481 अजय शंकर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 559 आशीष राजपूत थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
11.का0 1565 भूरी सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।